कार्यालयः सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, रामनगर (नैनीताल)।

पत्रांकः उ0वि0शि0प0/सिस्टम सेल/ 391 /2014–15 दिनांकः 26 अगस्त, 2014

निविदा सूचना

उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद रामनगर (नैनीताल) की ओर से वर्ष 2015 की परिषदीय परीक्षाओं के संचालन हेतु परीक्षा पूर्व एवं परीक्षोत्तर कार्यों के निम्नलिखित प्रयोजन हेतु मोहर बन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं :–

क्रमांक	कार्य विवरण	निविदा प्रपत्र का मूल्य	अर्नेस्ट-मनी
1	हाईस्कूल/इण्टरमीडिएट परीक्षा का ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र डाटा प्रोसेसिंग, फोटो स्केनिंग (व्यक्तिगत परीक्षार्थी), फोटोयुक्त अंक पत्र सह प्रमाण पत्र प्रिंटिंग, फोटोयुक्त प्रवेश पत्र/फोटोयुक्त उपस्थिति पत्रक, डेस्क स्लिप, इण्टर माईग्रेशन प्रमाण पत्र मुद्रण आदि। (सादी एवं प्रि–प्रिटेण्ड स्टेशनरी सहित)	रू0 200=00 बिक्री कर रू0 27=00 (कुल रु0 दो सौ सत्ताईस)	रुपया 65,000=00
2	परिषदीय कार्य में प्रयुक्त होने वाले विभिन्न प्रकार के लिफाफों की आपूर्ति।	रू0 200=00 बिक्री कर रू0 27=00 (कुल रु0 दो सौ सत्ताईस)	रुपया 20,000=00
3	विभिन्न प्रकार की पार्ट 'बी' कम्प्यूटर स्टेशनरी– टी0आर0, अंक पत्र एवं अंक पत्र सह प्रमाण पत्र इत्यादि की आपूर्ति।	रू0 200=00 बिक्री कर रू0 27=00 (कुल रु0 दो सौ सत्ताईस)	रुपया 72,000=00

(A) निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समय — दिनांक 19.09.2014 (शुक्रवार) मध्याह्न 12.00 बजे
(B) निविदा के तकनीकी भाग खुलने की तिथि व समय — दिनांक 19.09.2014 (शुक्रवार) 01.00 अपराह्न बजे
(C) निविदा के वित्तीय भाग खुलने की तिथि — दिनांक 19.09.2014 (शुक्रवार)

निविदा की प्रमुख शर्तें :-

क – क्रमांक 1 के कार्य की निविदाएं उत्तराखण्ड एवं उत्तर प्रदेश से बाहर के राज्यों से प्राप्त की जायेंगी।

ख – क्रमांक 1 हेतु वही फर्में निविदा करें जिन्हें उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद/माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश/केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के परीक्षाफल सम्बन्धी परीक्षा पूर्व एवं परीक्षोत्तर कार्यों के डाटा प्रोसेसिंग करने का न्यूनतम् 03 (तीन) वर्षों का अनुभव हो।

ग – क्रमांक 2 की आपूर्ति हेतु फर्म को N.S.I.C./ S.S.I. या D.I.C. से पंजीकृत होना आवश्यक है।

घ – निविदा के साथ अर्नेस्ट–मनी क्रास्ड बैंक ड्राफ्ट/N.S.C. / F.D.R. के रूप में सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद रामनगर, नैनीताल के पदनाम से बंधक रखनी होगी।

ङ – क्रमांक 3 के पार्ट "बी" कम्प्यूटर स्टेशनरी आपूर्ति का कार्य, उत्तराखण्ड से बाहर के राज्यों की सेक्यूरिटी प्रेस को ही आवंटित किया जायेगा।

च – निविदा फार्म 18 सितम्बर, 2014 अपराह्न 5:00 बजे तक अथवा इससे पूर्व किसी भी कार्य दिवस को प्रातः 10.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक परिषद कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं। निर्धारित प्रति निविदा प्रपत्र की धनराशि बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से ली जायेगी। बैंक ड्राफ्ट सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर, नैनीताल के पदनाम से, जो कि भारतीय स्टेट बैंक रामनगर, शाखा कोड 00701 (जनपद नैनीताल) में देय हो जमा करना अनिवार्य है।

छ – निविदा सूचना एवं निविदा प्रपत्र परिषद की **website www.ubse.uk.gov.in** व **www.tenders.gov.in** से डाउन लोड की जा सकती है। पर उपलब्ध हैं। वेबसाईडट, से निविदा प्रपत्र डाउन लोड करने पर निर्धारित निविदा शुल्क की घनराशि का बैंक ड्राफ्ट **क्रमांक (च) के अनुसार** निविदा जमा करने से पूर्व संबंधित अनुभाग में जमा करना अनिवार्य होगा, तभी निविदा स्वीकार की जायेगी।

ज – नियत तिथि को राजकीय अवकाश घोषित होने की दशा में निविदा अगले कार्य दिवस को खोली जायेगी।

झ – जिन फर्मों के तकनीकी भाग की निविदाएं स्वीकृत होंगी उन्हीं फर्मों की वित्तीय भाग की निविदाएं खोली जायेंगी।

ञ – परिषद के सचिव बिना कारण बताये एक अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।

ट – अन्य नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र पर अंकित हैं।

26/8/2014

(डॉ0 डी0के0 मथेला)
सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्,
रामनगर (नैनीताल)।